KRISHI VIGYAN KENDRA, KUMHER-BHARATPUR
DIRECTORATE OF EXTENSION EDUCATION
(SRI KARAN NARENDRA AGRICULTURE UNIVERSITY, JOBNER-JAIPUR)

**Dr.Navab Singh**
**Senior Scientist & Head**

**Mob- 91-9414544054**
**E mail- pc.kvk.kumher@sknau.ac.in**

F. No ( )/Store/ KVK/K/2026/530-533 Dated:- 18/02/26

## सीमित निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है (जो कि ट्रेक्टर थ्रेसर धारक हो) कि कृषि विज्ञान केन्द्र कुम्हेर–भरतपुर की फार्म फसलों सरसों, चना, मसूर, जौ व गेहूँ की थ्रेसिंग का कार्य ट्रेक्टर थ्रेसर द्वारा किया जाना है, इच्छुक व्यक्ति दिनांक 25.02.2026 सुबह 11.00 बजे तक निविदा प्रपत्र प्राप्त कर उसी दिन 12.00 बजे तक जमा करा दें, निविदाऐं समिति द्वारा उसी दिन दोपहर 02.00 बजे बाद खोली जायेगी। थ्रेसिंग के दौरान लगने वाले समस्त श्रमिकों की पूर्ति हिस्सेदार द्वारा की जावेगी। थ्रेसिंग सम्बन्धी सभी शर्तें निविदा प्रपत्र में दर्शायी गई है व निविदा धरोहर राशि 2000 नकद/ऑनलाइन रुपये जमा करानी होगी। निविदा को बिना कारण बताये व उचित दर नही मिलने पर निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।

**शर्तेः–**

1. बोली लगाने से पूर्व धरोहर राशि 2000/– नकद/ऑनलाइन जमा करानी होगी, जो कि सम्पूर्ण कार्य के निष्पादन के उपरान्त वापिस कर दी जावेगी, जिस पर कोई भी ब्याज देय नही होगी।
2. निविदा प्रपत्र जमा कराते समय स्वयं का आधार कार्ड व पेन कार्ड की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
3. निविदा शर्तों की सहमति हेतु रुपये 100 का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
SENIOR SCIENTIST & HEAD
KRISHI VIGYAN KENDRA
KUMHER BHARATPUR

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को प्रेषित है:–

1. श्रीमान निदेशक महोदय, प्रसार शिक्षा निदेशालय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर
2. श्रीमान वित्त नियंत्रक, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर–जयपुर
3. श्रीमान कोषाधिकारी, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर
4. कमेटी कन्वीनर/सदस्य/लेखाशाखा/.........................................................
5. कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर के सूचना पटट पर चस्पा हेतु ।
6. सूचना बोर्ड श्रीमान अधिष्ठाता प्रशासनिक कार्यालय, कृषि महाविद्यालय, कुम्हेर के सूचना पटट पर चस्पा हेतु ।
7. सूचना बोर्ड श्रीमान प्रभारी अधिकारी, कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, कुम्हेर के सूचना पटट पर चस्पा हेतु ।
8. सूचना बोर्ड श्रीमान सचिव, पंचायत समिति कुम्हेर ।
9. फार्म प्रबंधक/फार्म प्रभारी के सूचना पटट पर चस्पा हेतु।
10. रक्षित फाइल।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
SENIOR SCIENTIST & HEAD
KRISHI VIGYAN KENDRA
KUMHER BHARATPUR

# कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर–भरतपुर
(एस.के.एन. कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर (जयपुर) )

निविदा प्रपत्र

दिनांक.

1. निविदा संदर्भ : No. F. /LT/KVK/K/2026/530-533 Dated: 18/02/26
2. कार्य विवरण : विभिन्न फसलों सरसों, चना, मसूर, जौ व गेंहूँ की ट्रेक्टर थ्रेसर द्वारा थ्रेसिंग का कार्य।
3. निविदा प्राप्त करने का समय व दिनांक : 25.02.2026 सुबह 11.00 बजे तक।
4. निविदा जमा कराने का दिनांक : 25.02.2026 दोपहर 12.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का दिनांक : 25.02.2026 दोपहर बाद।

**निविदा की शर्तेः**

1. प्रस्तावित निविदा सीलबन्द लिफाफे में श्रीमान वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, कुम्हेर–भरतपुर को प्रेषित करनी होगी।
2. निविदादाता द्वारा प्रस्तावित दर स्पष्ट अंको व शब्दों में लिखकर देनी होगी। किसी प्रकार की काट–छांट होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
3. थ्रेसिंग के ठेकेदार को अपना स्वयं का ट्रेक्टर थ्रेसर मय डीजल लाना होगा।
4. थ्रेसिंग के दौरान किसी भी फसल का दाना टूटना नहीं चाहियें, दाने में कचरा, मिटटी न हो व भूसा में भी दाना नहीं जाना चाहिये इन सभी कार्यो से फार्म प्रबन्धक/प्रभारी अधिकारी के सन्तुष्ट होने के बाद ही कार्य कराया जायेगा अन्यथा दूसरा थ्रेसर उपलब्ध कराना होगा।
5. थ्रेसिंग का कार्य सुबह 9.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक ही करना होगा।
6. थ्रेसिंग से पहले व बाद में थ्रेसिंग मशीन को भली भांति साफ करना होगा।
7. थ्रेसिंग के दौरान वाहन चालक को ट्रेक्टर थ्रेसर के पास ही रहना होगा।
8. आवश्यकता पडने पर डिमान्ड के अनुसार एक से अधिक थ्रेसर उपलब्ध कराने होंगे।
9. थ्रेसिंग का कार्य फार्म प्रबन्धक/फार्म प्रभारी की देखरेख में ही करना होगा।
10. थ्रेसिंग हेतु ट्रेक्टर थ्रेसर निर्धारित समय पर लाना होगा, यदि ट्रेक्टर थ्रेसर किसी भी कारणवश निर्धारित समय पर नही पहुॅची और बटाई ठेकेदार के श्रमिक बैठे रहते हैं तो उसकी भरपाई थ्रेसिंग ठेकेदार को करनी होगी।
11. समस्त फसलों की थ्रेसिंग में ट्रेक्टर मय डीजल व वाहन चालक सहित ठेकेदार को उपलब्ध कराना होगा व थ्रेसिंग के दौरान लगने वाले समस्त श्रमिक बटाई ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे।
12. थ्रेसिंग के बाद बोरियां भरकर, तोलकर, गोदाम में धांग लगाने का कार्य बटाई ठेकेदार द्वारा किया जायेगा व तुलाई के समय एक प्रतिशत दाना नमी व छीजत का अधिक देना होगा।
13. थ्रेसिंग के दौरान किसी भी श्रमिक/मशीनरी की क्षति का जिम्मेदार स्वयं ठेकेदार होगा।

SENIOR SCIENTIST & HEAD
KRISHI VIGYAN KENDRA
KUMHER BHARATPUR

ट्रेक्टर थ्रेसर द्वारा थ्रेसिंग की प्रस्तावित दरो का विवरण

| क.सं. | नाम फसल | दर रुपये प्रति क्विंटल |
|---|---|---|
| 1. | सरसों | अंकों में ........................<br>शब्दो में ........................ |
| 2. | चना / मसूर | अंकों में ........................<br>शब्दो में ........................ |
| 3. | गेंहूँ / जौ | अंकों में ........................<br>शब्दो में ........................ |

उक्त सभी शर्ते मैने ध्यान पूर्वक पढ ली है व इन सभी शर्तो के तहत मेरे द्वारा प्रस्तावित दरो पर मैं कार्य करने को सहमत हूँ।

हस्ताक्षर निविदादाता

नाम पताः–
मोबइल.नं.–

SENIOR SCIENTIST & HEAD
KRISHI VIGYAN KENDRA
KUMHER BHARATPUR